आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 11.10.2024 समय : 07.10pm

**मुख्य समाचार :-**

- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आतंकवाद को वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए एक गंभीर चुनौती बताया।**
- **केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा- बेटी की केवल पूजा न करें बल्कि हृदय से उनका संपूर्ण सम्मान करें।**
- **नवमीं पर विशेष पूजा के साथ नौ दिवसीय नवरात्र पर्व संपन्न, कल मनाया जाएगा दशहरा।**
- **मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बोले- प्रदेश में कुश्ती सहित अन्य सभी खेलों को निरंतर बढ़ावा दिया जाएगा।**

**पीएम-पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक मुक्त, समावेशी, समृद्ध और नियम-आधारित हिंद प्रशांत क्षेत्र के महत्व पर जोर देते हुए कहा है कि नियम आधरित हिंद-प्रशांत क्षेत्र पूरे क्षेत्र की शांति और प्रगति के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने इस अवसर पर दक्षिण चीन सागर का उल्लेख करते हुए कहा कि इस क्षेत्र की शांति, सुरक्षा और स्थिरता पूरे हिंद-प्रशांत क्षेत्र के हित में होगी। प्रधानमंत्री आज लाओ पीपुल्स डेमोक्रेटिक रिपब्लिक की राजधानी वियंनचन में 19वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

दुनिया के विभिन्न क्षेत्रों में चल रहे हिंसक संघर्षों पर चिंता व्यक्त करते हुए श्री मोदी ने कहा कि हमारा दृष्टिकोण विस्तारवाद की जगह विकासवाद का होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इन संघर्षों का ग्लोबल साउथ के देशों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि हर कोई चाहता है कि यूरेशिया और पश्चिम एशिया क्षेत्र में शांति और स्थिरता बहाल हो। श्री मोदी ने दोहराया कि यह युद्ध का युग नहीं है। प्रधानमंत्री ने सभी देशों की संप्रभुता,क्षेत्रीय अंखडता और अंतर्राष्ट्रीय नियमों का सम्मान करने पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि इस दिशा में भारत हर संभव सहयोग करता रहेगा।

**दुर्गा पूजा**

देशभर में दुर्गा पूजा का पर्व धार्मिक श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शारदीय नवरात्र अनुष्ठान में आज महाअष्टमी और महानवमी पर माँ दुर्गा के स्वरूप महागौरी तथा सिद्धिदात्री की पूजा की जा रही है। इस अवसर पर पूरी श्रद्धा और आस्था के साथ कन्या पूजन का भी विधान है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने दुर्गा पूजा के अवसर पर देश-विदेश के लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने शुभकामना संदेश में कहा कि दुर्गा पूजा अन्याय पर न्याय और असत्य पर सत्य की जीत और साहस का प्रतीक है। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने भी सभी प्रदेशवासियों को शारदीय नवरात्रि की महानवमी पर बधाई और

शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मां सभी को संकल्प सिद्धि का असीम आशीर्वाद दें। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में शारदीय नवरात्रि की महाअष्टमी के अवसर पर अपने आवास पर कन्या भोज का आयोजन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सभी देशवासियों से मेरी प्रार्थना है कि बेटी का आदर करें, सम्मान करें।

**दुर्गा पूजा-प्रदेश**

नवरात्री की महाअष्टमी व महानवमी के मौके पर आज आगरमालवा जिले के अनेक घरों में शक्ति के आठवें स्वरूप महागौरी तथा नवें स्वरूप सिद्धिदात्री के रूप में कुलदेवी की पूजा अर्चना श्रद्धा व आस्था से की गई। वही अनेक स्थानों पर कन्या भोजन के लिये भी आयोजन किये गये। पन्ना जिले मे आज अष्ठमी और नौमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पन्ना कि माँ पद्मावती देवी मंदिर और पवई कि कलेही माता मंदिर मे सुबह से ही श्रद्धालुओं कि भीड़ देखी गई। सीहोर से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले की विंध्य की मनोरम पहाड़ियों पर 8 हजार फिट की ऊंचाई पर विराजी मां विजयासन देवी के सलकनपुर देविधाम मंदिर में आज शारदीय नवरात्रि के आखिरी दिन लाखो श्रद्धालु पहुंचे। गुना में भक्ति, आराधना के बीच गंगा-जमुनी तहजीब और साम्प्रदायिक एकता की मिसाल भी देखने को मिली, जहां चल समारोह के दौरान दाऊदी बोहरा समाज ने भक्तों का जोरदार स्वागत किया और श्रद्धालुओं को हलवा बांटा गया। धार, शिवपुरी, जबलपुर, नर्मदापुरम में भी कई धार्मिक आयोजन किए गए।

**दशहरा पर्व**

देश के साथ प्रदेशभर में भी कल दशहरा पर्व उत्साह और परम्परा अनुसार मनाया जाएगा। इस दिन रावण दहन होगा। इसके पहले दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन का क्रम प्रारंभ होगा। राजधानी भोपाल सहित सभी जिलों में पुलिस की विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव शनिवार को महेश्वर और इंदौर में शस्त्र पूजन करेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया है कि डॉ. यादव देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती पर राजगादी पर माल्यार्पण करेंगे। इसके पश्चात वे विजयादशमी पर्व पर शस्त्र पूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे और आमसभा को संबोधित करेंगे। वे यहां श्रीमद् भागवत मॉ रेवा गौशाला में गौ पूजन करेंगे। इस अवसर पर वे खरगोन जिले के 83 करोड़ 29 लाख रुपये की लागत से 43 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन भी करेंगे। प्रदेश के सभी मंत्री अपने जिलो में भी शस्त्र पूजन करेंगे। वहीं सतना जिले के कलेक्टर अनुराग वर्मा ने बताया कि विसर्जन स्थलों पर कानून एवं प्रशासनिक व्यवस्था बनाये रखने की जिम्मेदारी 4 कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों को सौंपी गई है। रतलाम में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप ने कहा कि त्यौहार भारतीय संस्कृति को समृद्ध करते हैं।

**सचिव-सूचना प्रसारण मंत्रालय**

केन्द्रीय सूचना प्रसारण मंत्रालय के सचिव संजय जाजू ने कहा है किफिल्म निर्माण और प्रदर्शन के लिए भारत सरकार कई कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि फिल्म बनाने के लिए

सुविधा देने हेतु इंडिया सिने हब पोर्टल बनाया गया है। इसी तरह मध्यप्रदेश में भी विभिन्न स्थानों पर फिल्म की शूटिंग के लिए अनुमति हेतु ऑनलाइन व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि इन दोनों पोर्टल को साथ लाकर फिल्म निर्माण को और आसान बनाया जायेगा। आज भोपाल में मध्यप्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव शिव शेखर शुक्ला के साथ हुई एक बैठक में फिल्म निर्माण और प्रदर्शन को आसान बनाने के लिए सहमति बनी। श्री जाजू ने देशभर में सिनेमा घरों की कम होती संख्या के बारे में कहा कि छोटे शहरों में फिल्म थियेटर बनाने के लिए सरकार कई सुविधाएं भी दे रही है। उन्होंने कहा कि इस बार का भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का दायरा काफी व्यापक रहेगा जिसमें फिल्म निर्माण और प्रदर्शन से जुड़े मुद्दे शामिल होगें।

**सीएम खेल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में कुश्ती सहित अन्य सभी खेलों को निरंतर बढ़ावा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि उज्जैन में मलखंभ अकादमी शीघ्र चालू होगी। मलखंभ के साथ जिम्नास्टिक की भी सौगात मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कल उज्जैन के क्षीरसागर स्टेडियम के ऑडोटोरियम में श्री सॉवरियाँ ग्रुप द्वारा आयोजित कुश्ती दंगल प्रतियोगिता के प्रतिस्पर्धियों को संबोधित किया1 मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस दौरान उज्जैन के सभी 15 अखाड़ों को आवश्यक उपकरण और सामग्री के लिए 2-2 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने सभी खेल प्रेमियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव महाष्टमी के पर्व पर आयोजित विभिन्न गरबा कार्यक्रमों में भी शामिल हुए।

**किशोर दा-पुण्यतिथि**

मध्य प्रदेश संस्कृति विभाग द्वारा 13 अक्टूबर को खंडवा में किशोर दा की पुण्यतिथि पर राष्ट्रीय किशोर सम्मान अलंकरण समारोह एवं किशोर नाइट का आयोजन किया जाएगा। हमारे संवाददाता ने बताया है कि कार्यक्रम में प्रसिद्ध फिल्म निर्माता राजकुमार ईरानी को किशोर सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुंबई के महान गायक कलाकार नीरज श्रीधर अपनी टीम के साथ गीतों की प्रस्तुति देंगे।

**नोबल शांति पुरस्कार**

जापान में हिरोशिमा और नागासाकी में परमाणु बम विस्फोट के दौरान जीवित बचे लोगों के जापानी समूह **निहोन हिदानक्यो** ने वर्ष 2024 के लिए नोबल शांति पुरस्कार प्रदान किया गया है। इस समूह को **हिबाकुशा** के नाम से भी जाना जाता है और यह परमाणु हथियार मुक्त विश्व का लक्ष्य हासिल करने के लिए अथक प्रयास करता है तथा परमाणु हथियारों का प्रयोग फिर कभी नहीं होने देने के संबंध में प्रदर्शन करता है। इस नोबल शांति पुरस्कार की घोषणा ओस्लो में नोबल संस्थान ने की। पिछले वर्ष नोबल शांति पुरस्कार ईरान की मानवाधिकार कार्यकर्ता नर्गेस मोहम्मदी को मिला था।

**टाटा-ट्रस्ट अध्यक्ष**

नोएल टाटा को टाटा समूह के सहयोगी टाटा ट्रस्ट का निर्विरोध अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। श्री रतन टाटा के देहान्त के बाद आज बोर्ड की बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया। श्री रतन टाटा का बुधवार को 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। टाटा स्टील और वोल्टॉज सहित कई सूचीबद्ध कम्पनियों के बोर्ड में श्री नोएल टाटा सेवा देते है और श्री रतन टाटा के सौतेले भाई हैं।

**संक्षिप्त समाचार**

1- नर्मदापुरम जिले के 6 विकासखंडों के जनजातीय बाहुल्य 83 गांवों का विकास प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान के तहत किया जाएगा।

2- नीमच में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओं बेटी पढाओं योजना के तहत "शक्ति अभिनन्दन अभियान" के समापन समारोह पर आज कार्यक्रम आयोजित किया गया।

3- शक्ति अभिनंदन अभियान अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर रायसेन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शक्ति संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।

4- आज सीहोर में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास संस्थान द्वारा प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस के सभागार में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

5- सागर के डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय की कुलगुरु नीलिमा गुप्ता ने कहा है कि अग्निवीरों के शैक्षणिक उन्नयन के लिए विश्वविद्यालय प्रतिबद्ध है, इसके दो पाठ्यक्रम भी संचालित किए जा रहे हैं।

6- जबलपुर में रेलवे ने आज से आठ जिलों के यात्रियों की दिक्कत दूर कर रेल सेवा फिर बहाल कर दी हैं। इसी के तहत जबलपुर-अंबिकापुर इंटरसिटी एक्सप्रेस आज से पटरी पर लौट आई है।